This is a digitally signed Gazette, to verify click here.
http://rajpatrahimachal.nic.in


# राजपत्र, हिमाचल प्रदेश

## हिमाचल प्रदेश राज्य शासन द्वारा प्रकाशित

**मंगलवार, 13 मार्च, 2018 / 22 फाल्गुन, 1939**


**हिमाचल प्रदेश सरकार**

**भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग**

अधिसूचना

शिमला–2, 7 मार्च, 2018

**संख्या एल0सी0डी0–ए0 (4)–11/2010.**––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश सरकार (भाषा एवं संस्कृति विभाग) की अधिसूचना संख्याः एल0सी0ए0–ए0 (9)–2/84 दिनांक 10 दिसम्बर, 1984 द्वारा

अधिसूचित हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी के संविधान की धारा–7 के अनुसरण में हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी की सामान्य परिषद् के पुनर्गठन की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है, जिसमें निम्न सदस्य मनोनीत किए जाते है :–

| | | |
|---|---|---|
| 1. | मुख्यमन्त्री, हिमाचल प्रदेश | अध्यक्ष |
| 2. | प्रभारी मंत्री | वरिष्ठ उपाध्यक्ष |
| 3. | सचिव (वित्त), हिमाचल प्रदेश सरकार | सदस्य |
| 4. | सचिव (भाषा–संस्कृति), हिमाचल प्रदेश सरकार | सदस्य |
| 5. | सचिव (शिक्षा), हिमाचल प्रदेश सरकार | सदस्य |
| 6. | निदेशक, शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश | सदस्य |
| 7. | निदेशक, सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग, हिमाचल प्रदेश | सदस्य |
| 8. | निदेशक, भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, हिमाचल प्रदेश | सदस्य |
| 9. | संग्रहालयाध्यक्ष, राज्य संग्रहालय, शिमला | सदस्य |
| 10. | सचिव, हिमाचल कला संस्कृति भाषा अकादमी | सदस्य–सचिव |

**(1) पहाडी भाषा का प्रतिनिधि :**

1. डा. गौतम शर्मा व्यथित

**राज्य के प्रत्येक जिला का एक प्रतिनिधि :**

| क्रम संख्या | सदस्य का नाम | जिला |
|---|---|---|
| 1. | डॉ. ओमप्रकाश शर्मा | शिमला |
| 2. | डॉ. इन्द्र ठाकुर | मण्डी |
| 3. | श्री छेरिंग दोर्जे | लाहौल–स्पीति |
| 4. | डॉ. सूरत ठाकुर | कुल्लू |
| 5. | डॉ. रवीन्द्र ठाकुर | बिलासपुर |
| 6. | श्री अशोक गौतम | सोलन |
| 7. | श्री के. आर. भारती | हमीरपुर |
| 8. | श्री विद्यासागर नेगी | किन्नौर |
| 9. | श्री विद्यानंद सरैक | सिरमौर |
| 10. | श्री शमशेर सिंह राणा | ऊना |
| 11. | श्री विनोद भावुक | कांगडा |
| 12. | श्री अशोक दर्द | चम्बा |

**(2) राज्य के भीतर से हिन्दी, उर्दू, संस्कृत भाषाओं के तीन साहित्यिक प्रतिनिधि :**

1. श्रीमती रीटा सिंह : हिन्दी
2. श्री जाहिद अबरोल : उर्दू
3. आचार्य केशव शर्मा : संस्कृत

**(3) राज्य से बाहर का एक साहित्यिक प्रतिनिधि :**

1. श्री बलदेव शर्मा, अध्यक्ष, पुस्तक न्यास, भारत सरकार दिल्ली।

**(4) राज्य के भीतर से निष्पादन कला के दो प्रसिद्ध कलाकार :**

1. श्रीनिवास जोशी पंचवटी कनैना भराडी, शिमला
2. श्रीमती भारती कुठियाला, पी. सी. चैम्बर जोधा, निवास, शिमला

**(5) राज्य के बाहर का निष्पादन कला का एक प्रसिद्ध कलाकार :**

1. श्री कमल तिवारी पूर्व अध्यक्ष हरियाणा अकादमी चंडीगढ

**(6) राज्य के भीतर से ललित कला के दो प्रसिद्ध कलाकार :**

1. पद्मश्री विजय शर्मा, भूरी सिंह सग्रंहालय, चम्बा हिमाचल प्रदेश
2. श्री नंद लाल, प्रा. कला संकाय, हि. प्र. विश्वविद्यालय, शिमला

**(7) राज्य के बाहर से ललित कला का एक प्रसिद्ध कलाकार :**

1. श्री मदन लाल, उपनिदेशक, उद्योग विभाग, सैक्टर–17, चंडीगढ़

सदस्यों की कार्यावधि 5 वर्ष रहेगी।

आदेश द्वारा,
पूर्णिमा चौहान,
सचिव (भाषा, कला एवं संस्कृति)।

---

**उद्योग विभाग**
(क–अनुभाग)

अधिसूचना

शिमला–171 002, 30 नवम्बर, 2017

**संख्या इन्ड–ए(ए) 3–2/2016.**——हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परन्तुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग में निजी सचिव, वर्ग–I (राजपत्रित) के पद के लिए इस अधिसूचना से संलग्न उपाबन्ध ''क'' के अनुसार भर्ती और प्रोन्नति नियम बनाते हैं, अर्थात :–

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**——(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग, निजी सचिव, वर्ग–I (राजपत्रित), भर्ती और प्रोन्नति नियम, 2017 है।

(2) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगे।

2. **निरसन और व्यावृत्तियां.**——(1) अधिसूचना संख्याः इन्ड–ए(बी)5–3/2000, तारीख 24–05–2003 द्वारा अधिसूचित हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग, निजी सचिव वर्ग–I, राजपत्रित पद के भर्ती एवं प्रोन्नति नियम, 2003 का एतद्द्वारा निरसन किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुए भी उपरोक्त नियम 2(1) के अधीन इस प्रकार निरसित नियमों के अधीन की गई कोई नियुक्ति, बात या कार्रवाई इन नियमों के अधीन विधिमान्य रूप में की गई समझी जाएगी।

आदेश द्वारा,
तरूण कपूर,
अति0 मुख्य सचिव (उद्योग)।

---

उपाबन्ध–'क'

**हिमाचल प्रदेश उद्योग विभाग में निजी सचिव, वर्ग–I (राजपत्रित) के पद के लिए भर्ती और प्रोन्नति नियम**

1. **पद का नाम.**––निजी सचिव

2. **पदों की संख्या.**––1 (एक)

3. **वर्गीकरण.**––वर्ग–I (राजपत्रित)

4. **वेतनमान.**––पे बैण्डः ₹ 15600—39100+ ₹ 5400/- ग्रेड पे

5. **''चयन'' पद अथवा ''अचयन'' पद.**––अचयन

6. **सीधी भर्ती के लिए आयु.**––लागू नहीं

7. **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए अपेक्षित न्यूनतम शैक्षिक और अन्य अर्हताएं.**––*(क) अनिवार्य अर्हता(एं) :* लागू नहीं।

*(ख) वांछनीय अर्हता(एं) :* लागू नहीं।

8. **सीधे भर्ती किए जाने वाले व्यक्ति (व्यक्तियों) के लिए विहित आयु और शैक्षिक अर्हता(एं) प्रोन्नत व्यक्तियों की दशा में लागू होंगी या नहीं.**––*आयुः* लागू नहीं ।

*शैक्षिक अर्हता(एं) :* लागू नहीं।

9. **परिवीक्षा की अवधि, यदि कोई हो.**––(क) दो वर्ष, जिसका एक वर्ष से अनधिक ऐसी और अवधि के लिए विस्तार किया जा सकेगा, जैसा सक्षम प्राधिकारी विशेष परिस्थितियों में और कारणों को लिखित में अभिलिखित करके आदेश दे।

(ख) सैकेण्डमैंट आधार पर नियुक्ति की दशा में कोई परिवीक्षा नहीं होगी।

10. **भर्ती की पद्धति–भर्ती सीधी होगी या प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / प्रोन्नति / स्थानान्तरण द्वारा और विभिन्न पद्धतियों द्वारा भरे जाने वाले पद (पदों) की प्रतिशतता.**––शत प्रतिशत प्रोन्नति द्वारा, ऐसा न होने पर सैकेण्डमैंट आधार पर।

**11. प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण द्वारा भर्ती की दशा में वे श्रेणियां (ग्रेड) जिनसे प्रोन्नति / सैकेण्डमैंट / स्थानान्तरण किया जाएगा.**——निजी सहायक (सहायकों) में से प्रोन्नति द्वारा जिसका (जिनका) पांच वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके पांच वर्ष का नियमित सेवाकाल हो, ऐसा न होने पर उन निजी सहायक (सहायकों) में से प्रोन्नति द्वारा जिसका (जिनका) निजी सहायक और वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के रूप में संयुक्ततः चौदह वर्ष का नियमित सेवाकाल या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके चौदह वर्ष का नियमित सेवाकाल हो, जिसमें निजि सहायक के रूप में दो वर्ष की अनिवार्य सेवा भी सम्मिलित होगी, उपरोक्त दोनों के न होने पर निजी सहायक (सहायकों) में से प्रोन्नति द्वारा जिसका (जिनका) निजी सहायक, वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक एवं कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक के रूप में संयुक्ततः उन्नीस वर्ष का नियमित सेवाकाल हो या ग्रेड में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके उन्नीस वर्ष का नियमित सेवाकाल हो जिसमें निजी सहायक के रूप में दो वर्ष की अनिवार्य सेवा भी सम्मिलित होगी, उपरोक्त समस्त के न होने पर निजी सहायक (सहायकों) में से प्रोन्नति द्वारा जिसका (जिनका) निजी सहायक, वरिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक, कनिष्ठ वेतनमान आशुलिपिक एवं आशुलिपिक टंकक के रूप में संयुक्ततः चौबीस वर्ष का नियमित सेवाकाल या की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, को सम्मिलित करके चौबीस वर्ष का नियमित सेवाकाल हो जिसमें से निजी सहायक के रूप में दो वर्ष की अनिवार्य सेवा भी सम्मिलित होगी:

(I) परन्तु प्रोन्नति के प्रयोजन के लिए प्रत्येक कर्मचारी को, जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में पद (पदों) की ऐसे क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या की उपलब्धता के अध्यधीन, कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा करनी होगी :

परन्तु यह और कि उपर्युक्त परन्तुक (1) उन कर्मचारियों के मामले में लागू नहीं होगा, जिनकी अधिवर्षिता के लिए पांच वर्ष की या उससे कम की सेवा शेष रही हो। तथापि ऐसे पदधारियों को, उनकी प्रोन्नति पर, दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में तैनात / स्थानान्तरित किया जा सकेगा :

परन्तु यह और भी कि उस अधिकारी / कर्मचारी को, जिसने जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में कम से कम एक कार्यकाल तक सेवा नहीं की है, उसके अपने संवर्ग (काडर) में सर्वथा उसकी वरिष्ठता के अनुसार स्थानान्तरित किया जाएगा।

**स्पष्टीकरण I.**—उपर्युक्त परन्तुक (1) के प्रयोजन के लिए जनजातीय / कठिन / दुर्गम क्षेत्रों और दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्रों में ''कार्यकाल'' से, प्रशासनिक अत्यावश्यकताओं / सुविधा को ध्यान में रखते हुए, साधारणतया तीन वर्ष की अवधि या ऐसे क्षेत्रों में तैनाती की इससे कम अवधि अभिप्रेत होगी।

**स्पष्टीकरण II.**——उपर्युक्त परन्तुक (1) के प्रयोजन के लिए जनजातीय / कठिन क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगे :—

1. जिला लाहौल एवं स्पिति
2. चम्बा जिला का पांगी और भरमौर उप—मण्डल
3. रोहड़ू उप—मण्डल का डोडरा क्वार क्षेत्र
4. जिला शिमला की रामपुर तहसील का पन्द्रह बीस परगना, मुनीश, दरकाली और ग्राम पंचायत काशापाट।
5. जिला कुल्लू का पन्द्रह बीस परगना
6. कांगड़ा जिला के बैजनाथ उप—मण्डल का बड़ा भंगाल क्षेत्र
7. जिला किन्नौर
8. सिरमौर जिला में उप—तहसील कमरउ के काठवाड़ और कोरगा पटवार वृत्त, रेणुकाजी तहसील के भलाड़—भलौना और सांगना पटवार वृत्त और शिलाई तहसील का कोटा पाब पटवार वृत्त।
9. मण्डी जिला में करसोग तहसील का खनयोल—बगड़ा पटवार वृत्त, बाली चौकी उपतहसील के गाड़ा गुशैणी, मठियानी, घनयाड़, थाची, बागी, सोमगाड और खोलानाल पटवार वृत्त, पद्धर तहसील के झारवाड़, कुटगढ़, ग्रामन, देवगढ़, ट्रैला, रोपा, कथोग, सिलह—भडवानी, हस्तपुर, घमरेहर और भटढ़े पटवार वृत्त, थुनाग तहसील के चिउणी, कालीपार, मानगढ़, थाच—बगड़ा, उत्तरी मगरू और दक्षिणी मगरू पटवार वृत्त और सुन्दरनगर तहसील का बटवाड़ा पटवार वृत्त।

स्पष्टीकरण **III**.——उपर्युक्त परन्तुक (1) के प्रयोजन के लिए दूरस्थ / ग्रामीण क्षेत्र निम्न प्रकार से होंगे :—

(i) उप–मण्डल / तहसील मुख्यालय से 20 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान
(ii) राज्य मुख्यालय और जिला मुख्यालय से 15 किलोमीटर की परिधि से परे के समस्त स्थान जहां के लिए बस सेवा उपलब्ध नहीं है और 3 (तीन) किलोमीटर से अधिक की पैदल यात्रा करनी पड़ती है।
(iii) कर्मचारी का, उसके प्रवर्ग को ध्यान में लाए बिना अपने गृह नगर या गृह नगर क्षेत्र के साथ लगती 20 किलोमीटर की परिधि के भीतर का क्षेत्र।

**(II)** प्रोन्नति के सभी मामलों में पद पर नियमित नियुक्त से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद में की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, इन नियमों में यथाविहित सेवाकाल के लिए, इस शर्त के अध्यधीन प्रोन्नति के लिए गणना में ली जाएगी, कि सम्भरक (पोषक) प्रवर्ग में तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबन्धों के अनुसार चयन की उचित स्वीकार्य प्रक्रिया को अपनाने के पश्चात् की गई थी :

(i) परन्तु उन सभी मामलों में जिनमें कोई कनिष्ठ व्यक्ति सम्भरक (पोषक) पद में अपने कुल सेवाकाल (तदर्थ आधार पर की गई सेवा सहित, जो नियमित सेवा / नियुक्ति के अनुसरण में हो) के आधार पर उपर्युक्त निर्दिष्ट उपबन्धों के कारण विचार किए जाने का पात्र हो जाता है, वहां उससे वरिष्ठ सभी व्यक्ति अपने–अपने प्रवर्ग / पद / काडर में विचार किए जाने के पात्र समझे जाएगें और विचार करते समय कनिष्ठ व्यक्ति से ऊपर रखे जाएंगे :

परन्तु यह और कि उन सभी पदधारियों की, जिन पर प्रोन्नति के लिए विचार किया जाना है, की कम से कम तीन वर्ष की न्यूनतम अर्हता सेवा या पद के भर्ती और प्रोन्नति नियमों में विहित सेवा, जो भी कम हो, होगी :

परन्तु यह और भी कि जहां कोई व्यक्ति पूर्वगामी परन्तुक की अपेक्षाओं के कारण प्रोन्नति किए जाने सम्बन्धी विचार के लिए अपात्र हो जाता है, वहां उससे कनिष्ठ व्यक्ति भी ऐसी प्रोन्नति के विचार के लिए अपात्र समझा जाएगा / समझे जाएंगे ।

**स्पष्टीकरण**.——अन्तिम परन्तुक के अन्तर्गत कनिष्ठ पदधारी प्रोन्नति के लिए अपात्र नहीं समझा जाएगा यदि वरिष्ठ अपात्र व्यक्ति भूतपूर्व सैनिक है जिसे डिमोबिलाइज्ड आर्मड फोर्सिज परसोनल (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन हिमाचल स्टेट नॉन–टैक्नीकल सर्विसिज) रूल्ज, 1972 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया है और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों या जिसे एक्स–सर्विसमैन (रिजर्वेशन आफ वैकेन्सीज इन दी हिमाचल प्रदेश टैक्नीकल सर्विसिज) रूल्ज, 1985 के नियम–3 के उपबन्धों के अन्तर्गत भर्ती किया गया हो और तद्धीन वरीयता लाभ दिए गए हों।

(ii) इसी प्रकार स्थायीकरण के सभी मामलों में ऐसे पद पर नियमित नियुक्ति से पूर्व सम्भरक (पोषक) पद पर की गई लगातार तदर्थ सेवा, यदि कोई हो, सेवाकाल के लिए गणना में ली जाएगी, यदि तदर्थ नियुक्ति / प्रोन्नति, उचित चयन के पश्चात् और भर्ती और प्रोन्नति नियमों के उपबंधों के अनुसार की गई थी :

परन्तु की गई तदर्थ सेवा को गणना में लेने के पश्चात् स्थाईकरण के फलस्वरूप पारस्परिक वरीयता अपरिवर्तित रहेगी।

**12. यदि विभागीय प्रोन्नति समिति विद्यमान हो, तो उसकी संरचना.**——जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर गठित की जाए।

**13. भर्ती करने में जिन परिस्थितियों में हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग से परामर्श किया जाएगा.**——जैसा विधि द्वारा अपेक्षित हो।

14. **सीधी भर्ती के लिए अनिवार्य अपेक्षा.**——लागू नहीं।

15. **सीधी भर्ती किए जाने वाले व्यक्तियों के लिए अनिवार्य अपेक्षा.**——लागू नहीं।

16. **आरक्षण.**——सेवा में नियुक्ति, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा समय–समय पर अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों/अन्य पिछड़े वर्गों और अन्य प्रवर्ग के व्यक्तियों के लिये सेवा में आरक्षण की बाबत जारी किये गये आदेशों के अध्यधीन होगी।

17. **विभागीय परीक्षा.**——सेवा में प्रत्येक सदस्य को समय–समय पर यथा संशोधित, हिमाचल प्रदेश विभागीय परीक्षा नियम, 1997 में यथा विहित विभागीय परीक्षा पारित करनी होगी ।

18. **शिथिल करने की शक्ति.**——जहां राज्य सरकार की यह राय हो कि ऐसा करना आवश्यक या समीचीन है, वहां वह, कारणों को लिखित में अभिलिखित करके, और हिमाचल प्रदेश लोक सेवा आयोग के परामर्श से, आदेश द्वारा, इन नियमों के किसी उपबन्ध (उपबन्धों) को किसी वर्ग या व्यक्ति (व्यक्तियों) के प्रवर्ग या पद (पदों) की बाबत, शिथिल कर सकेगी।

---

*[Authoritative English text of this Department Notification No. Ind.-A(A)3-2/2016 dated 30-11-2017 as required under Article 348 (3) of the Constitution of India].*

**INDUSTRIES DEPARTMENT**
**(A-Section)**

NOTIFICATION

*Shimla-171002, the 30th November, 2017*

**No. Ind.-A(A)3-2/2016.**—In exercise of the powers conferred by proviso to Article 309 of the Constitution of India, the Governor of Himachal Pradesh, in consultation with the Himachal Pradesh Public Service Commission, is pleased to make the Recruitment and Promotion Rules for the post of **Private Secretary, Class-I (Gazetted)** in the Department of Industries, H.P. as per Annexure-"A" attached to this Notification, namely :—

1. **Short title and commencement.**—(1) These rules may be called the Himachal Pradesh, Department of Industries, Private Secretary, Class-I (Gazetted) Recruitment and Promotion Rules, 2017.

(2) These rules shall come into force from the date of publication in the Rajpatra, Himachal Pradesh.

2. **Repeal & savings.**—(1) The Himachal Pradesh, Industries Department, Private Secretary (Class-I Gazetted) Recruitment and Promotion Rules, 2003 notified *vide* Notification No. Ind.-A(B)5-3/2000 dated 24-05-2003 are hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal any appointment made or anything done or any action taken under the rules so repealed under rule 2 (1) *supra* shall be deemed to have been validly made or done or taken under these rules.

By order,
TARUN KAPOOR,
*Pr. Secretary (Industries).*

ANNEXURE-"A"

**RECRUITMENT AND PROMOTION RULES FOR THE POST OF PRIVATE SECRETARY, CLASS-I (GAZETTED) IN THE DEPARTMENT OF INDUSTRIES, HIMACHAL PRADESH**

1. **Name of the Post.**—Private Secretary

2. **Number of Post.**—1 (One)

3. **Classification.**—Class-I (Gazetted)

4. **Scale of Pay.**— Pay Band ₹15600—39100+ ₹5400 Grade Pay

5. **Whether "Selection" post or "Non-Selection".**—post Non Selection

6. **Age for direct recruitment.**—Not applicable

7. **Minimum Educational and other qualifications required for direct recruit(s).**— *(a) Essential Qualification(s)***:** Not applicable.

*(b) DESIRABLE QUALIFICATION(s).*—Not applicable

8. **Whether age and educational qualification(s) prescribed for direct recruit(s) will apply in the case of the promotee(s).**—*Age* : Not applicable.

*Educational Qualification*: Not applicable

9. **Period of probation, if any.**—(a) Two years subject to such further extension for a period not exceeding one year as may be ordered by the competent authority in special circumstances and reasons to be recorded in writing.

(b) No probation in the case of appointment on secondment basis.

10. **Method(s) of recruitment—whether by direct recruitment or by promotion/ secondment/transfer and the percentage of post(s) to be filled in by various methods.**—100% by promotion failing which on secondment basis.

11. **In case of recruitment by promotion/secondment/transfer, grade(s) from which promotion/secondment/transfer is to be made.**—By promotion from amongst the Personal Assistant(s) possessing 05 (five) years regular service or regular combined with continuous *adhoc* service, if any, in the grade, failing which by promotion from amongst the Personal Assistant(s) possessing 14 (fourteen) years regular service or regular combined with continuous *adhoc* service, if any, as Personal Assistant and Senior Scale Stenographer combined which shall also include 02 (two) years essential service as Personal Assistant, failing both by promotion from amongst the Personal Assistant(s) possessing 19 (nineteen) years regular service or regular combined with continuous *adhoc* service, if any, as Personal Assistant, Senior Scale Stenographer and Junior Scale Stenographer combined which shall also include 02 (two) years essential service as Personal Assistant, falling all by promotion from amongst the Personal Assistant(s) possessing 24 (twenty four) years regular service or regular combined with continuous *adhoc* service, if any, as Personal Assistant, Senior Scale Stenographer, Junior Scale Stenographer and Steno Typist combined which shall also include 02 (two) years essential service as Personal Assistant :

(I) Provided that for the purpose of promotion every employee shall have to serve atleast one term in the Tribal/Difficult/ Hard areas and remote/rural areas subject to adequate number of post(s) available in such areas :

Provided further that the proviso (I) *supra*, shall not be applicable in the case of those employees who have five years or less service, left for superannuation. However, such incumbents may be posted/transferred to remote/rural areas in their promotion :

Provided further that Officer/Official who has not served atleast one tenure in Tribal/Difficult/Hard areas and remote/rural areas shall be transferred to such area strictly in accordance with his/her seniority in the respective cadre.

**Explanation I.—**For the purpose of proviso (I) *supra* the "term" in Tribal/Difficult/Hard areas/remote/rural areas shall mean normally three years or less period of posting in such areas keeping in view the administrative exigencies/ convenience.

**Explanation II.—**For the purpose of proviso (I) *supra*, the Tribal/Difficult Areas shall be as under :—

1. District Lahaul & Spiti
2. Pangi and Bharmour Sub Division of Chamba district
3. Dodra Kawar Area of Rohru Sub-Division
4. Pandrah Bis Pargana, Munish Darkali and Gram panchayat Kashapat of Rampur Tehsil of District Shimla.
5. Pandrah Bis Pargana of Kullu District
6. Bara Bhangal Areas of Baijnath Sub Division of Kangra District
7. District Kinnaur.
8. Kathwar and Korga Patwar Circles of Kamrau Sub Tehsil, Bhaladh Bhalona and Sangna Patwar Circles of Renukaji Tehsil and Kota Pab Patwar Circle of Shillai Tehsil in Sirmour district.
9. Khanyol-Bagra Patwar Circle of Karsog Tehsil, Gada-Gussaini, Mathyani, Ghanyar, Thachi, Baggi, Somgad and Kholanal of Bali-Chowki Sub-Tehsil, Jharwar, Kutgarh, Graman, Devgarh, Trailla, Ropa, Kathog, Silh-Badhwani, Hastpur, Ghamrehar and Bhatehar Patwar Circle of Padhar Tehsil, Chiuni, Kalipar, Mangarh, Thach-Bagra, North Magru and South Magru Patwar Circles of Thunag Tehsil and Batwara Patwar Circle of Sundernagar Tehsil in Mandi district.

**Explanation III.—**For the purpose of proviso (I) *supra*, the Remote/ Rural Areas shall be as under :

(i) All stations beyond the radius of 20 Kms. from Sub-Division/Tehsil headquarter.
(ii) All stations beyond the radius of 15 Kms. from State headquarter and District head quarters where bus service is not available and on foot journey is more than 3 (three) Kms.
(iii) Home town or area adjoining to area of home town within the radius of 20 Kms. of the employee regardless of its category.

(II) In all cases of promotion, the continuous *adhoc* service rendered in the feeder post if any, prior to regular appointment to the post shall be taken into account towards the length of service as prescribed in these rules for promotion subject to the condition that the *adhoc* appointment/promotion in the feeder category had been made after following proper acceptable process of selection in accordance with the provisions of R & P Rules:

(i) Provided that in all cases where a junior person becomes eligible for consideration by virtue of his total length of service (including the service rendered on *adhoc* basis followed by regular service/appointment) in the feeder post in view of the provisions referred to above, all persons senior to him in the respective category/post/cadre shall be deemed to be eligible for consideration and placed above the junior person in the field of consideration:

Provided that all incumbents to be considered for promotion shall possess the minimum qualifying service of at least three years or that prescribed in the Recruitment & Promotion Rules for the post, whichever is less:

Provided further that where a person becomes ineligible to be considered for promotion on account of the requirements of the preceding proviso, the person(s) junior to him shall also be deemed to be ineligible for consideration for such promotion.

**Explanation.—**The last proviso shall not render the junior incumbents ineligible for consideration for promotion if the senior ineligible persons happened to be ex-servicemen recruited under the provisions of Rule-3 of Demobilized Armed Forces Personnel (Reservation of Vacancies in Himachal State Non-Technical Services) Rules, 1972 and having been given the benefit of seniority thereunder or recruited under the provisions of Rule-3 of the Ex-Servicemen (Reservation of vacancies in the Himachal Pradesh Technical Service) Rules, 1985 and having been given the benefit of seniority thereunder.

(i) Similarly, in all cases of confirmation, continuous *adhoc* service rendered on the feeder post if any, prior to the regular appointment against such posts shall be taken into account towards the length of service, if the *adhoc* appointment/promotion had been made after proper selection and in accordance with the provision of the Recruitment & Promotion Rules:

Provided that *inter-se* seniority as a result of confirmation after taking into account, *adhoc* service rendered shall remain unchanged.

**12. If a Departmental Promotion Committee exists, what is its composition.—**As may be constituted by the Government from time to time.

**13. Circumstances under which the Himachal Pradesh Public Service Commission (HPPSC) is to be consulted in making recruitment.—**As required under the law.

**14. Essential requirement for a direct recruitment.—**Not applicable.

**15. Selection for appointment to post by direct recruitment.—**Not applicable.

**16. Reservation.—**The appointment to the service shall be subject to orders regarding reservation in the service for Scheduled Castes/ Scheduled Tribes/Other Backward Classes /other categories of persons issued by the Himachal Pradesh Government from time to time.

**17. Departmental Examination.—**Every member of the service shall pass a Departmental Examination as prescribed in the Himachal Pradesh Departmental Examination Rules, 1997, as amended from time to time.

**18. Powers to Relax.—**Where the State Government is of the opinion that it is necessary or expedient to do so, it may, by order for reasons to be recorded in writing and in consultation with the Himachal Pradesh Public Service Commission relax any of the provision(s) of these Rules with respect to any Class or Category of person(s) or post(s).

**LAW DEPARTMENT**

NOTIFICATION

*Shimla-2, the 7th March,* 2018

**No. LLR-E(9)-1/2018.**—In supersession of all previous Orders/Notifications with regard to engagement of Senior Advocates, Advocates-on-Record and Panel Advocates in Civil & Criminal cases, the Governor, Himachal Pradesh is pleased to make fresh panel of following Senior Advocates, Advocates-on-Record and Panel Advocates to represent the State of Himachal Pradesh before the Hon'ble Supreme Court of India in Civil/Criminal cases with immediate effect :—

**Senior Advocates**

| Sr. No. | Name of Advocates |
|---|---|
| 1. | Sh. M. N. Rao |
| 2. | Sh. Paramjit Singh Patwalia |

**Advocate-on-Record**

| | |
|---|---|
| 1. | Sh. Ajay Marwah |

**Panel Advocates**

| | |
|---|---|
| 1. | Sh. Ajay Digpaul |
| 2. | Sh. Archit Vasudeva |
| 3. | Ms Upasna Nath |
| 4. | Sh. Manish Kumar |
| 5. | Sh. B.K.Satija |
| 6. | Sh. Ramjan Khan |
| 7. | Sh. Aslam |
| 8. | Sh. Pardeep Chandel |
| 9. | Sh. Sarthak Gangrota |
| 10. | Sh. Himanshu Tyagi |
| 11. | Sh.Viplov Sharma |
| 12. | Sh. Divya Parkash Pande |
| 13. | Sh. Abhimanyu Jhamba |

2. This engagement is purely at the pleasure of the State Government and can be withdrawn at any stage without assigning any reason thereof.

3. The other terms and conditions as contained in Notification of this Department dated 28th May, 2012 and 31st July, 2012 would continue to apply to Advocates-on-Record.

4. All the Departments are requested that whenever they need the services of any Advocate in the particular Civil/Criminal case or in cases of vital importance to the State, they may engage above Advocate, from the aforesaid panel with the prior approval of the Law Department and in consultation with the Advocate General, Himachal Pradesh.

By order,
Sd/-
*LR*-cum-*Secretary (Law).*

---

**LAW DEPARTMENT**

NOTIFICATION

*Shimla-2, the 7th March,* 2018

**No. LLR-E(9)-1/2018.**—In supersession of all previous Orders/Notifications with regard to engagement of Advocates for Courts at Chandigarh *i.e.* Hon'ble High Court of Punjab & Haryana/ Central Administrative Tribunal and Debt Recovery Tribunal to represent the State of Himachal Pradesh in Civil & Criminal cases , the Governor, Himachal Pradesh is pleased to make fresh panel of following Advocates with immediate effect:—

| Sl. No. | Name of Advocate |
|---|---|
| 1. | Sh. Neeraj Sharma |
| 2. | Sh. B. B. Sharma |

2. This engagement is purely at the pleasure of the State Government and can be withdrawn at any stage without assigning any reason thereof.

3. The fee structure and other terms and conditions as contained in Notification No. LLR-E(9)-2/2012 dated 31st July, 2012 would continue to apply to them.

By order,
Sd/-
*LR*-cum-*Secretary (Law).*

---

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 25–10–2017 के राजपत्र संख्या 152 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना सं0एफ0एफ0ई0बी0एफ (14) 37 / 2013, दिनांक 25–7–2017 के पृष्ठ सं0 7298 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक खसरा नम्बर में 1,2,3,4,5,8 / 1,89 / 1 कित्ता 8 **के स्थान पर** 1,2,3,4,5,7,8 / 1,89 / 1, कित्ता 8 **पढ़ा जाये।**

**Corrigendum**

**Please read** Khasra No. 1,2,3,4,5,7,8/1, 89/1 Kitta 8 **instead of** Khasra No. 1,2,3,4,5,8/1, 89/1 Kitta 8 in the English version of the Schedule under title Khasra No. at Page No. 7299 in the Forests Department Notification No.FFE-B-F(14)-37/2013 *vide* dated 25-7-2017 in the H.P. Government Gazette No. 152, published *vide* dated 25th October, 2017.

---

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 25–10–2017 के राजपत्र संख्या 152 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ0एफ0ई0बी0एफ (14) / 2013, दिनांक 25–7–2017, पृष्ठ संख्या 7303 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक क्षेत्र हैक्टेयर में 97–98–9,6 **के स्थान पर** 97–98–96 **पढ़ा जाये।**

---

**Corrigendum**

**Please read** 2/2001 **instead of** 2/200 in the English version of Schedule under title File No. at Page No. 7306 in Forests Department Notification No. FFE-B-F(14)-41/2013 Dated 17th August, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 152 Published *vide* H.P. Government Gazette dated 25th October, 2017.

---

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 25–10–2017 के राजपत्र संख्या 152 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ0एफ0ई0बी0एफ(14)46 / 2013, दिनांक 25 जुलाई, 2017, पृष्ठ संख्या 7314 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक नस्ति संख्या में 12 / 2001 स्पष्ट नहीं पढ़ा जा रहा है जिसे 12 / 2001 **शुद्ध पढ़ा जाये।**

---

**Corrigendum**

**Please read** 12/2001 **instead of** 12/200 in the English version of the Schedule under title File No. at Page No. 7315 in Forest Department Notification No. FFE-B-F(14)-46/2013 dated 25th July, 2017, in the H.P. Govt. Gazette No. 152 Published *vide* H.P. Government Gazette dated 25th October, 2017.

---

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 25–10–2017 के राजपत्र संख्या 155 के अन्तर्गत पृष्ठ संख्या 7418 की अनुसूची के शीर्षक क्षेत्र हैक्टेयर में प्रकाशित 195–46–0 और 2 **के स्थान पर** 195–46–02 **पढ़ा जाये।**

## Corrigendum

**Please read** 19/2001 **instead of** 19/200 in the English version of the Schedule under title File No. at Page No. 7419 in Forests Department Notification No. FFE(14)-4/2013 dated 9th October, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 155 Published *vide* dated 28th October, 2017.

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 06–11–2017 के राजपत्र संख्या 160 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. –बी एफ(14)15/2013, दिनांक 9 अक्तूबर, 2017 के पृष्ठ संख्या 7682 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक नस्ति संख्या में 6/200 व 4 **के स्थान पर** 6/2004 **पढ़ा जाये।**

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 06–11–2017 के राजपत्र संख्या 160 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. –बी.एफ.(14)22/2013, दिनांक 12 अक्तूबर 2017, पृष्ठ संख्या 7694 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक क्षेत्र हैक्टेयर में 49–88–9 व **6 के स्थान पर** 49–88–96 **पढ़ा जाये।**

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 07–11–2017 के राजपत्र संख्या 161 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. –बी.एफ.(14)23/2013, दिनांक 10 अक्तूबर, 2017, पृष्ठ संख्या 7712 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक 'क्षेत्र हैक्टेयर में' 36–31–3 व **6 के स्थान पर** 36–31–36 **पढ़ा जाये।**

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 13–11–2017 के राजपत्र संख्या 164 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. –बी.एफ.(14)27/2013, दिनांक 9 अक्तूबर, 2017, पृष्ठ संख्या 7792 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक क्षेत्र हैक्टेयर में 8–34–5 व **9 के स्थान पर** 8–34–59 **पढ़ा जाये।**

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 16–11–2017 के राजपत्र संख्या 166 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.एफ.(14)30/2013, दिनांक 9 अक्तूबर, 2017, पृष्ठ संख्या 7908 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक क्षेत्र हैक्टेयर में 17–16–4 व **6 के स्थान पर** 17–16–46 **पढ़ा जाये।**

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 16–11–2017 के राजपत्र संख्या 166 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. –बी.एफ.(14)33/2013, दिनांक 9 अक्तूबर, 2017, पृष्ठ संख्या 7914 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक खसरा नम्बर 364/1 व **के स्थान पर** 364/1 व 526 **पढ़ा जाये।**

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 1–1–2018 के राजपत्र संख्या 203 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.एफ.(14)–11 / 2014, दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9322 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक खसरा नम्बर 121 / 1, 215 / व 1 अलग–अलग प्रकाशित हुये हैं जिसे 121 / 1, 215 / 1, 422 / 1, 498 / 1 **शुद्ध पढ़ा जाये।**

———————

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 1–1–2018 के राजपत्र संख्या 203 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.एफ.(14)–27 / 2014, दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9349 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक मुख्य सीमायें में पश्चिम : डी पी एफ संरया, डी पी. एफ. षिन्टू **के स्थान पर** पश्चिम : डी.पी. एफ. संरया, डी.पी.एफ. शिन्टू **पढ़ा जाये।**

———————

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 6–1–2018 के राजपत्र संख्या 208 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.एफ.(14)–33 / 2014, दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9484 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक क्षेत्र हैक्टेयर में, 6–51–43 **के स्थान पर** 5–13–22 **पढ़ा जाये।**

———————

**Corrigendum**

**Please read** 5-13-22 **instead of** 6-51-43 in the English version of the Schedule under Title Area in Hectare at Page No. 9485 in Forests Department Notification No. FFE-B-F(14)-33/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 208 Published *vide* dated 6th January, 2018.

———————

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 6–1–2018 के राजपत्र संख्या 208 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.एफ.(14)–34 / 2014, दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9486 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक मुख्य सीमायें में उत्तर : महाल दरजोली धार, च उप–महाल मानण **के स्थान पर** उत्तर : महाल दरजोली धार व उप महाल मानण **पढ़ा जाये।**

———————

**Corrigendum**

**Please read** 13-51-66 **instead of** 13-96-76 in the English version of the Schedule under Title Area in Hectare at Page No. 9488 in Forests Department Notification No. FFE-B-F(14)-35/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Government Gazette No. 208 Published *vide* dated 6th January, 2018.

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 6–1–2018 के राजपत्र संख्या 208 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.एफ.(14)–36 / 2014, दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9489 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक खसरा नम्बर में 739 / 1 **के स्थान पर** 739 **पढ़ा जाये।**

_________

**Corrigendum**

**Please read** 7/2004 **instead of** 7/2000, in the Schedule under title File No., Dadas in front of Khasra No. 1, 39, 281, 288, 313, 314, Jathai in front of Kh.No. 507 and Jagorha in front of Khasra No. 418, 423, 431 Kitta -10 **instead of** amalgamated name of Muhal Dadas, Jathai Jagorha under Title Name of Muhal with Hadbast No. and Khasra No. respectively and **read** 29-68-77 **instead of** 48-16-14 under Title area in Hectare and **read** North : Muhal Jagorha, South: Muhal: Dadas & Jathai, East : Muhal Jagorha and Dadas, West : Muhal Jathai **instead of** North: Mohal Roni, South: Muhal Roni, East: Muhal Narenti, West : Muhal Jadli in the English version of the Schedule at Page No. 9492 in Forests Department Notification No. FFE-B-F(14)-37/2014 Dated 7th December, 2017 in the H.P. Government Gazette No. 208 Published *vide* dated 6th January, 2018.

_________

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 6–1–2018 के राजपत्र संख्या 208 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.–बी.एफ.(14)–38 / 2014, दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9492 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक मुख्य सीमायें में उत्तर : महाल **के स्थान पर** उत्तर : उप महाल **पढ़ा जाये।**

_________

**Corrigendum**

**Please read** North : Up Muhal Khadli **instead of** North : Up Muhal Khadku and West : Up Muhal Khadli **instead of** West : Muhal Khadli in the English version of the Schedule under Title Cardinal Boundaries at Page No. 9493 in Forests Department Notification No. FFE-B-F(14)-38/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Government Gazette No. 208 Published *vide* dated 6th January, 2018.

_________

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 8–1–2018 के राजपत्र संख्या 209 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना सं0 एफ.एफ.ई.बी.–एफ.(14)–40 / 2014 दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9511 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक वन का नाम में मनल कसोग **के स्थान पर** मानल कसोग, अनुसूची के शीर्षक महाल का नाम में नावर बडोग इकट्ठा प्रकाशित हुआ था **के स्थान** पर बडोग को खसरा नं0 104, 105 के सामने तथा अनुसूची के शीर्षक मुख्य सीमायें में दक्षिण : महाल सरोग **के स्थान पर** दक्षिण : महाल सरोग, बडोग तथा पूर्व : महाल कछेवग के स्थान पर पूर्व : महाल कड़ेवग **पढ़ा जाये।**

## CORRIGENDUM

**Please read** Nawar, Badog **instead of** Muhal Nawar, Badog, Teel in English version of Schedule under Title cardinal Boundaries at Page No. 9512 in Forest Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-40/2014 dated 7th December, 2017 in the HP Govt. Gazette No. 209 published *vide* dated 8th January, 2018.

---

## CORRIGENDUM

**Please read** Kainth ser **instead of** Badog in English version of Schedule under Title Name of Muhal with Hadbast No. at Page No. 9514 in Forests Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-41/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 209 published *vide* dated 8th January, 2018.

---

## CORRIGENDUM

**Please read** 702 after 701 **instead of** 702/ in English version of the Schedule under Title Khasra No. at Page No. 9516 in Forests Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-42/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 209 published *vide* dated 8th January, 2018.

---

## CORRIGENDUM

**Please read** 46-33-61 **instead of** 13-32-91 in English version of the Schedule under Title Area in Hectare at Page No. 9517 in Forest Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-43/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 209 published *vide* dated 8th January, 2018.

---

## CORRIGENDUM

**Please read** 1, 44/1, 59, 60, 61, 67, 79, 100, 105, 108 Kitta 10 **instead of** 1, 44/1, 59/ 60/ 61/ 67/, 79/ 100/ 105/ 108 Kitta 10 in English version of the Schedule under Title Khasra No. at Page No. 9521 in Forests Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-45/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 209 published *vide* dated 8th January, 2018.

---

## CORRIGENDUM

**Please read** 430 after 429 **instead of** 430/ in the English version of the Schedule under Title Khasra No., and **read** East : Muhal Donival, Tungla, DPF Tungla **instead of** DPF Tunglau at Page No. 9524 in Forest Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-47/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 209 published *vide* dated 8th January, 2018.

---

## CORRIGENDUM

**Please read** 31-10-38 **instead of** 17-00-99 in the English version of the Schedule under Title Area in Hectare at Page No. 9529 in Forests Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-50/2014 dated 7th December, 2017 in the H.P. Govt. Gazette No. 209 published *vide* dated 8th January, 2018.

**CORRIGENDUM**

**Please read** Notification No. FFE-B-F(14)-52/2014 **instead of** Notification No. FFE-B-F(14)-51/2014 dated 7th December, 2017 at Page No. 9613 published in H.P. Govt. Gazette No. 211 *vide* dated 10th January, 2018.

---

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 10–1–2018 के राजपत्र संख्या 211 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. बी.–एफ.(14)–53/2014 दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9615 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक हदबस्त नं0 सहित मुहाल का नाम में शलोहा पालवी जो इकट्ठा प्रकाशित हुआ है **के स्थान पर** शलोहा को खसरा संख्या 350, 383, 412, 420, 421, 422, 424, 425, 428, 469, 470, 471, 472, 473, 474 के सामने तथा पालवी को खसरा नम्बर 398, 402, 403 के सामने **पढ़ा जाये।**

---

**CORRIGENDUM**

**Please read** Shaloha in front of Khasra No. 350, 383, 412, 420, 421, 422, 424, 425, 428, 469, 470, 471, 472, 473, 474 and Palvi in front of Khasra No. 398, 402, 403 **instead of** wrongly published name of Muhal and Khasra Nos. in the English version of Forests Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-53/2014 dated 7th December, 2017 at page No. 9616 in the H.P. Govt. Gazette No. 211 published *vide* dated 10th January, 2018.

---

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 10–1–2018 के राजपत्र संख्या 211 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. बी.–एफ.(14)–55/2014 दिनांक 6 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9619 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक मुख्य सीमाय में पश्चिम : महाल खाह **के स्थान पर** पश्चिम : महाल खाहर **पढ़ा जाये।**

---

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 10–1–2018 के राजपत्र संख्या 211 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. बी.–एफ.(14)–57/2014 दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9623 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक खसरा नम्बर में खसरा नं0 377, के बाद खसरा नं0 384!1 **के स्थान पर** 384/1 **पढ़ा जाये।**

---

**CORRIGENDUM**

**Please read** Notification No. FFE-B-F(14)-57/2014 **instead of** wrongly published 58 after (14) in above mentioned Notification Number in the English version of the Forests Deptt. Notification *vide* dated 7th December, 2017 at page No. 9624 in the H.P. Govt. Gazette No. 211 *vide* dated 10th January, 2018. Similarly **please read** 37-88-72 **instead of** 25-03-88 in the English version of the Schedule under title Area in Hect. in Forest Deptt. Notification of even No. & Date in the H.P. Govt. Gazette No. 211 *vide* dated 10th January, 2018.

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 10–1–2018 के राजपत्र संख्या 211 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. बी.–एफ.(14)–173 / 2014 दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9631 की अनुसूची के शीर्षक जिला में षिमला **के स्थान पर** शिमला **पढ़ा जाये।**

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 11–1–2018 के राजपत्र संख्या 212 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. बी.–एफ.(14)–180 / 2014 दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9660 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक खसरा नम्बर में 10 / 1, 1 **के स्थान पर** खसरा नं0 10 / 1, 11 / 1 **पढ़ा जाये।**

---

## CORRIGENDUM

**Please read** Chanshal Dhar **instead of** Chanshal Dhar in English version of the Forests Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-180/2014 dated 7th December, 2017 at page No. 9661 published in the H.P. Govt. Gazette No. 212 *vide* dated 11th January, 2018.

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 11–1–2018 के राजपत्र संख्या 212 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. बी.–एफ.(14) 181 / 2014 दिनांक 7 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9662 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक खसरा नम्बर 9 / 1, 11 / **के स्थान पर** खसरा नं0 9 / 1, 11 / 1 **पढ़ा जाये।**

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 11–1–2018 के राजपत्र संख्या 212 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. बी.–एफ.(14) 184 / 2014 दिनांक 11 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9668 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक मुख्य सीमायें में पश्चिम : महाल पण्डा **के स्थान पर** पश्चिम : महाल पण्डार **पढ़ा जाये।**

---

## शुद्धि–पत्र

दिनांक 11–1–2018 के राजपत्र संख्या 212 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई. बी.–एफ.(14) 192 / 2014 दिनांक 11 दिसम्बर, 2017, पृष्ठ संख्या 9680 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक नस्ति सं0 में 77 / 2003 **जो कि स्पष्ट नहीं पढ़ा जा रहा है** को 77 / 2003 तथा इसी अनुसूची के शीर्षक खसरा नम्बर 20 / 1, 21 / , 24 / 1 **के स्थान पर** 20 / 1, 21 / 1, 24 / 1 **पढ़ा जाये।**

---

## CORRIGENDUM

**Please read** 85/2003 **instead** of 85/200 in the English version of the Forests Deptt. Notification No. FFE-B-F(14)-195/2014 dated 11th December, 2017 at page No. 9686 and **read** 108/1, 586/1 **instead of** 108/1, 586 in the Schedule under title Khasra No. at page No. 9686 published in the H.P. Govt. Gazette No. 212 *vide* dated 11th January, 2018.

**शुद्धि–पत्र**

दिनांक 5–2–2018 के राजपत्र संख्या 230 के अन्तर्गत वन विभाग की अधिसूचना संख्या एफ.एफ.ई.बी.–एफ.(14)–203 / 2014 दिनांक 29 जनवरी, 2018, पृष्ठ संख्या 10346 पर प्रकाशित अनुसूची के शीर्षक नस्ति सं0 में 53 / 2 003 **के स्थान पर** 53 / 2003 तथा इसी अनुसूची के शीर्षक खसरा नं0 346 / 1, 38, 3 / 1 **के स्थान पर** 346 / 1, 383 / 1 **पढ़ा जाये।**

हस्ताक्षरित / –
उप नियन्त्रक,
मुद्रण एवं लेखन सामग्री विभाग शिमला।

---

**शहरी विकास विभाग**

अधिसूचना

शिमला–2, 12 मार्च, 2018

**संख्या यू.डी.–ए(3)–5 / 2012.**––हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल, हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 (1994 का अधिनियम संख्यांक 13) की धारा 279 के साथ पठित धारा 305 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाने का प्रस्ताव करते हैं तथा इन्हे, उक्त अधिनियम की धारा 279 की उपधारा (5) की अपेक्षा के अनुसार जनसाधारण की सूचना के लिए राजपत्र में, एतद्द्वारा प्रकाशित किया जाता है;

इन प्रारुप नियमों से संभाव्य प्रभावित होने वाले किसी व्यक्ति के यदि इन प्रस्तावित नियमों के सम्बन्ध में कोई सुझाव या आक्षेप है / हैं तो वह उसे / उन्हें इनके राजपत्र में प्रकाशित होने की तारीख से पन्द्रह दिन की अवधि के भीतर, अतिरिक्त मुख्य सचिव (शहरी विकास), हिमाचल प्रदेश सरकार, शिमला–2 को भेज सकेगा ;

उपरोक्त नियत अवधि के भीतर प्राप्त हुए आक्षेप(पों) या सुझाव (वों), यदि कोई है / हों, पर इन्हें अन्तिम रूप देने से पूर्व राज्य सरकार द्वारा विचार किया जाएगा, अर्थात् :–

**1. संक्षिप्त नाम और लागू होना.**––(1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम हिमाचल प्रदेश नगरपालिका कार्यकारी अधिकारी / सचिव (भर्ती, प्रोन्नति और सेवा की अन्य शर्तें) नियम, 2018 है ।

(2) ये नियम राजपत्र, हिमाचल प्रदेश में प्रकाशन की तारीख से प्रवृत्त होंगें ।

(3) ये नियम, उपाबन्ध–I के स्तम्भ संख्या 2 में विनिर्दिष्ट पदों को लागू होंगे ।

2. **परिभाषाएं.**––(1) इन नियमों में जब तक कि सन्दर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो,–

(क) ''अधिनियम'' से, हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 अभिप्रेत है;

(ख) ''उपाबन्ध'' से, इन नियमों से संलग्न उपाबन्ध अभिप्रेत है;

(ग) ''नियुक्ति प्राधिकारी'' से ऐसा प्राधिकारी अभिप्रेत है जिसे सेवा के प्रवर्ग की बाबत इन नियमों के उपाबन्ध –'II' में नियुक्ति प्राधिकारी निर्दिष्ट किया गया है;

(घ) ''निदेशक'' से, निदेशक, शहरी विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश अभिप्रेत है;

(ङ) ''सीधी भर्ती'' से, प्रोन्नति / स्थानान्तरण / सैकेण्डमैंट से भिन्न, चयन द्वारा नियुक्ति अभिप्रेत है;

(च) ''सरकार'' से हिमाचल प्रदेश सरकार अभिप्रेत है;

(छ) ''नगरपालिका'' से–

(i) हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम, 1994 के अधीन गठित नगर पंचायत और नगरपालिका परिषद् अभिप्रेत है; और

(ii) हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम,1994 के अधीन गठित नगर निगम अभिप्रेत है ;

(ज) ''सदस्य'' से, सेवा का सदस्य अभिप्रेत है; और

(झ) ''सेवा'' से हिमाचल प्रदेश नगरपालिका सेवा अधिनियम,1994, हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम, 1994 और हिमाचल प्रदेश नगरपालिका अधिनियम 1994, के उपबन्धों के अधीन सरकार द्वारा, इन नियमों के अधीन विनिर्दिष्ट रीति गठित, नगरपालिका सेवा अभिप्रेत है ;

**स्पष्टीकरण.**––सेवा के अन्तर्गत परिवीक्षाधीन व्यक्ति या शिक्षु (अप्रेन्टिस) के रुप में की गई सेवा है किन्तु ऐसी सेवा बिना किसी कार्यभंग के स्थायीकरण के अनुसरण में है और जिसके अन्तर्गत कार्यग्रहण अवधि भी है।

(2) अन्य समस्त शब्दों और पदों के, जो इन नियमों में प्रयुक्त है किन्तु परिभाषित नहीं हैं, वही अर्थ होंगें जो अधिनियम में क्रमशः उनके हैं ।

3. **सेवा के लिए नियुक्त किए जाने वाले व्यक्तियों की राष्ट्रीयता, अधिवास और चरित्र.**––किसी सेवा या पद पर नियुक्ति के लिए अभ्यर्थी का भारत का नागरिक होना अनिवार्य है ।

4. **पदों की संख्या, वर्गीकरण और वेतनमान.**—(1) विभिन्न पदों के लिए, पदों की संख्या और वेतनमान उपाबन्ध–1 के स्तम्भ (3) और (4) में यथा विनिर्दिष्ट होंगे या जैसे सरकार द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किए जाएं।

(2) पदों का वर्गीकरण निम्नानुसार होगा –

| | | |
|---|---|---|
| 1. | कार्यकारी अधिकारी | राज्य नगरपालिका कार्यकारी सेवाएं |
| 2. | सचिव | |

5. **भर्ती और प्रोन्नति.**––(1) भर्ती, प्रोन्नति और अन्य सम्बद्ध मामलों की पद्धति इन नियमों के उपाबंध–I के स्तंभ (5) से (9) में यथा विनिर्दिष्ट होगी ।

(2) सीधी भर्ती उप–नियम (3) के अधीन गठित चयन समिति की सिफारिशों पर नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा की जाएगी ।

(3) सरकार, समय–समय पर अधिसूचना द्वारा, कम से कम तीन सदस्यों वाली चयन समिति का गठन कर सकेगी ।

(4) उप नियम (2) के अधीन भर्ती करते समय, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़े वर्गों के सदस्यों और इसके अधीन सेवाओं के सम्बन्ध में किसी अन्य प्रवर्ग के लिए सेवा में आरक्षण की बाबत सरकार के साधारण अनुदेश सेवाओं को लागू होंगे।

(5) किसी भी पदधारी को, जो प्रोन्नति छोड़ देता है, दो वर्ष की अवधि के लिए प्रोन्नति से विवर्जित कर दिया जाएगा और उसे उन सभी से पंक्ति में नीचे रखा जाएगा जिन्हें इस अवधि के दौरान प्रोन्नत किया गया है।

(6) सेवा में नियुक्त किसी भी व्यक्ति को राज्य सरकार के अधीन किसी भी सिविल पद के लिए नियुक्त किया गया नहीं समझा जाएगा ।

(7) संविदा के आधार पर भर्ती उपाबन्ध–II और III में किए गए उपबन्धों के अनुसार की जाएगी ।

6. **प्रवेश की आयु.**––किसी भी व्यक्ति को सीधी भर्ती द्वारा सेवा के लिए नियुक्त नहीं किया जाएगा यदि वह 18 वर्ष से कम आयु का है और 45 वर्ष से अधिक आयु का है या ऐसी आयु का है जो सरकारी सेवा में समतुल्य पदों के लिए समय–समय पर सरकार द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए :

परन्तु अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़े वर्गों से सम्बंधित अभ्यर्थियों की दशा में अधिकतम आयु सीमा, ऐसी होगी जैसी सरकार द्वारा समय–समय पर नियत की जाए ।

7. **शारीरिक उपयुक्तता.**––सीधी भर्ती द्वारा सेवा के लिए नियुक्त व्यक्ति, सेवा में कार्यग्रहण करने से पूर्व, सरकारी चिकित्सा व्यवसायी से शारीरिक उपयुक्तता का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा । ऐसा व्यक्ति परीक्षण करवाने से पूर्व, सरकारी सेवकों के लिए विनिर्दिष्ट प्ररुप में घोषणा करेगा और उसे हस्ताक्षरित करेगा और चिकित्सा अधिकारी उसका परीक्षण करेगा और सरकारी सेवकों के लिए विनिर्दिष्ट प्ररूप में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करेगा ।

8. **निरर्हताएं.**—कोई भी व्यक्ति जिसने,––

(कं) जीवित पति या पत्नी के रहते हुए विवाह किया है ;

